राज्यपाल सचिवालय, विहार
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने स्व॰ पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयन्ती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

पटना, 14 नवम्बर 2017

महामहिम राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक ने आज भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व॰ पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयन्ती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन के सामने गोलम्बर परिसर में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धा निवेदित की।

माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भी इस अवसर पर स्व॰ पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस कार्यक्रम में माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग श्री नंद किशोर यादव, माननीय शिक्षा मंत्री श्री कृष्ण नन्दन प्रसाद वर्मा, विधायक एवं पूर्व मंत्री श्री श्याम रजक सहित कई जन–प्रतिनिधिगण, विभिन्न राजनीतिक–सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों/प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य जन आदि ने भी स्व॰ पं॰ नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन एवं देशभक्तिपूर्ण गीतों के गायन–कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

....